(ख) यदि हां, तो इस फिल्म के निर्माण का अनुबंध किस कम्पनी के साथ किया गया है और इस अनुबन्ध के निबंधन और शर्तें क्या हैं; और

(ग) इस फिल्म का निर्माण करने का निर्णय करने के क्या कारण थे ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) :** (क) से (ग) : मैसर्स जैन स्टूडियोज नई दिल्ली जिसका नाम दूरदर्शन के सामयिक विषयों और वृत्तचित्रों के निर्माताओं के पैनल में सूचीबद्ध है, ने "सिविलियन इन्फिल्ट्रेशन फ्राम बंगलादेश" पर एक टेलीविजन फिल्म बनाने के लिए दूरदर्शन को एक प्रस्ताव किया था। इस प्रस्ताव को दूरदर्शन ने अनुमोदित कर दिया था। तदनुसार, मैसर्स जैन स्टूडियोज को ऐसे कमीशंड कार्यक्रमों को विनियमित करने वाली सामान्य शर्तों एवं नियमों पर उपर्युक्त विषय पर 30 मिनट का एक वृत्तचित्र बनाने का काम सौंपा गया था। इस फिल्म के निर्माण के लिए स्वीकृत 1,50,000.00 रुपये के कुल बजट में से 60,000.00 रुपये (कुल धनराशि का 40 प्रतिशत) की पहली किस्त को पहले ही जारी कर दिया गया है । उक्त फिल्म निर्माणाधीन है ।

**Air Meters/Wavelengths for Music Broadcast**

3525. CHOWDHARY HARI SINGH : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether All India Radio has opened a new and additional channel for broadcasting classical and light music;

(b) if so, what are its Metres/Wavelengths and the timing of its broadcast; and

(c) whether the service on this channel can be received through the ordinary radio receiving sets ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) and (b) : No, Sir, All India Radio has only extended the hours of transmission of the existing FM channel at Delhi broadcast on 102.6 Mega Hertz from 24-2-93 in the following manner :—

| | |
|---|---|
| Transmission I | 0655 hrs to 1000 hrs. |
| Transmission II | 1230 hrs to 1505 hrs. |
| Transmission III | 1700 hrs to 2305 hrs. |

(c) This broadcast can only be received on receivers which have FM facilities.

**उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में टी०वी० टावर का विस्तार**

3526. **श्री राम नरेश यादव** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में टी० वी० टावर के विस्तार का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव)** : (क) जी, हां ।

(ख) 1993 के उत्तरार्द्ध के दौरान आजमगढ़ के टी० वी० टावर की ऊंचाई को वर्तमान 30 मी० से 45 मी० तक बढ़ाये जाने की आशा है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**Survey for assessing impact of Doordarshan's revised programmes on viewers**

3527. SHRI V. NARAYANASAMY : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Doordarshan's change of programmes from January,